Purchase of plane from China by Pakis tan

148. SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has, been drawn to a news item which appeared in the *Hindustan Times* of the 13th February, 1987 to the effect that Pakistan pro-pose to buy over 350 F-7M planes from China;

(b) whether Government propose to take up the matter with the Chinese authorities at diplomatic level and impress upon them that the deal will create more tension in the sub-continent; and

(c) if so, what are 'he details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY oF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Yes, Sir. Government have seen the *Hindustan Times* report of 13th February, 1987.

(b) and (c) The Government of the People's Republic of China is aware of our concern regarding the induction of sophisticated arms into this region.

सिल्क बोर्ड

149. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान सिल्क बोर्ड कब **और** कितनी अवधि के लिये गठित किया **गया** है और इस बोर्ड की कालावधि क्या है ;

(ख) क्या बोर्ड का कोई **चेयरमैन** नियुक्त किया गया है और यदि नहीं, **तो** इसके क्या कारण है ;

(ग) इस संबंध में क्या प्रशासनिक **उपाय** किये गये है ; **अ।र**

(घ) बोर्ड की कितनी बैठकें कब-**कब** हुई और उनकी अध्यक्षता किसने की ?

वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) :(क) केन्द्रीय रेशम बोर्ड का पुनर्गठन 9 जुलाई, 1985 को तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया था ।

(ख) और (ग) बोर्ड का अध्यक्ष अभी तक नियुक्त नहीं किया गया है । उप-युक्त व्यक्ति को यथाशीघ्र नियुक्त करने के लिए उपाय किये जा रहे है ।

(घ) बोर्ड की पांच सामान्य बैठकें और स्थायी समिति की पांच बैठकें निम्नलिखित तारीखों को की गई ।

सामान्य बैठकें : 12.8.85, 10.9.85, 28.4.86, 14.8.86 तथा 23.12.86

स्थायी समिति की बैठकें : 9.9.85, 4.3.86, 28.4.86, 14.8.86 तथा 23.12.86. इन बैठकों की अध्य-क्षता या तो तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा की गई अथवा उसकी अनुपस्थिति में बोर्ड के उपस्थित सुदस्यों द्वारा अपने में से ही चुने गये सदस्य ने सम्बन्धित बैठकों की अध्यक्षता की ।

कपड़ा उत्पादन में वृद्धि

150. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वस्त्र नीति लागू करने के पश्चात् कपड़ा उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई और यह वृद्धि किन-किन क्षेत्रों में हुई ;

(ख) क्या वस्त्र नीति के संबंध में पुन: विचार करने की कोई मांग प्रस्तुत की गयी है ;

(ग) क्या निर्धारित लक्ष्यों को देखते हुए वर्तमान प्रगति संतोषजनक है ; और

(घ) एन.टी.सी. समेत निजी क्षेत्र के एककों में उत्पादन बढ़ाने की **क्या** योजनाएं है ?